an>

Title: Need to take meausres to prevent Kali river in Uttar Pradesh from getting polluted.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के समक्ष जो समस्या रखने जा रहा हूँ, वह केवल मेरे लोक सभा क्षेत्र की ही नहीं है, बल्कि समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सात जिलों की है । यह 154 गाँवों के लाखों लोगों और पशुओं की समस्या है ।

यहाँ बहने वाली काली नदी में प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इसके तट पर स्थित गाँवों में सैकड़ों लोगों को कैंसर तथा अन्य गम्भीर रोगों से मृत्यु हो चुकी है । नदी की खराब पानी की वजह से भूमि का जल भी दूषित हो गया है, जिससे लोगों को टी.बी., पीलिया, हिपेटाइटिस-बी आदि बीमारियाँ हो रही हैं ।

हमारी सरकार ने काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 'नमामि गंगे' योजना के अंतर्गत 682 करोड़ रुपये स्वीकृत की है । परन्तु, कार्य की गति अत्यन्त धीमी है । गंगा को निर्मल करने के लिए उसकी सहायक नदियों, जिनमें काली नदी भी शामिल है, को निर्मल करना भी बहुत आवश्यक है ।

अत: आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत योजना का क्रियान्वयन शीघ्र करे । इसके साथ ही आर्द्र भूमि (वेट लैंड), जो अतिक्रमण के कारण नष्ट हो गई है, को दुबारा रिस्टोर किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री मलूक नागर को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।